हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

11 ब्रह्माकुमारीज ने 'पीस पैलेस' में मनाया होली का उत्सव



12 प्लास्टिक का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक



## खबर संक्षेप

### चोरी मामले में उद्घोषित आरोपी किया गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगन्नाथ मंडी निवासी अनिल के रूप में हुई है। आरोपी को उमरा निवासी तुलसी की स्कूटी चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। लेकिन जमानत मिलने के बाद मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी अनिल अदालत में पेशी पर उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर एसडीजेएम आशुतोष, द्वारा 19 दिसंबर को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 8 को खांडा खेड़ी में

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण और खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अस्मिता लीग के तहत 8 मार्च को महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए गांव खांडा खेडी स्थित राजीव गांधी खेल परिसर का चयन किया गया है। माय भारत की जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया कि 8 मार्च रविवार को हिसार में अस्मिता विमेंस एथलेटिक्स इवेंट्स के तहत 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं की जाएंगी।

### चोरी की बाइक पर घूम रहे दो चोर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की पीसीआर 6 टीम ने गश्त के दौरान दो बाइक चोरों को काबू किया है। आरोपितों की पहचान बहल निवासी अक्षय व डाबड़ा निवासी संजू के रूप में हुई है। मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट टूटी हुई थी। शक होने पर पुलिस टीम ने उन्हें रोककर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिस पर गहन जांच की गई तो पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है। दोनों को अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है।

### दिशा कमेटी की बैठक आज लघु सचिवालय में

**हिसार।** लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे ज़िला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। कमेटी के चेयरमैन एवं सांसद जयप्रकाश की अध्यक्षता में होने वाली दिशा कमेटी की बैठक में स्थानीय विधायक, उपायुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे।

### बाबा बालकनाथ के झंडे की शोभा यात्रा 8 को

**हिसार।** तरसेम नगर स्थित मंदिर सिद्ध बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर के झंडे की 57वीं वार्षिक वार्षिक शोभा यात्रा 8 मार्च रविवार को सुबह मंदिर प्रांगण से शुरू होगी। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि भगत संजीव कुमार महाराज द्वारा सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के साथ मंदिर प्रांगण से झंडा फेरी के साथ रवाना होंगे। इस दौरान भगत संजीव कुमार महाराज श्रद्धालुओं के घरों में बाबा जी की ज्योत प्रज्जविलत करेंगे।

### निगम ने 28 पशुओं को भेजा गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14, सेक्टर 33, नई अनाज मंडी, पड़ाव चौक,12 क्वाटर रोड़, महाबीर कॉलोनी, जिन्दल चौक, सातरोड़, बीएचपी कॉलोनी, से 28 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो अभ्यारण भेज दिया गया है।

## जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की बैठक

# जिला अस्पताल व अर्बन हेल्थ सेंटर के निर्माण की औपचारिकताएं जल्द पूरा करने की हिदायत

*औचक निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करें संबंधित अधिकारी : उपायुक्त महेंद्र पाल*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने एयरपोर्ट चौक के समीप 300 बेड के प्रस्तावित जिला अस्पताल और आजाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर के निर्माण को लेकर सभी जरूरी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरा करने की हिदायत दी है।

वीरवार को जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों से तालमेल स्थापित करके मुख्यालय स्तर पर जिला अस्पताल तथा आजाद नगर अर्बन हेल्थ सेंटर के भूमि हस्तांतरण सहित अन्य जरूरी अनुमतियां प्राप्त करने की दिशा में गंभीरता दिखाएं।

- अनियमितता मिलने पर मेडिकल स्टोर पर करें कार्रवाई : डीसी

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें अवगत करवाया गया कि आजाद नगर अर्बन हेल्थ सेंटर के निर्माण लेकर मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार से जिला अस्पताल की स्थापना को लेकर भी औपचारिकताओं को पूर्ण किया जा रहा है। दोनों मामलों में मुख्यालय से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। उप सिविल सर्जन डॉ तरुण ने जिले में उप-स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ वेलनेस सेंटर के रिपेयर/नवीनीकरण, हांसी अस्पताल, आदमपुर तथा सीएचसी बरवाला, सीसवाल में भी चल रहे विभिन्न कार्यों, विभिन्न स्थानों पर स्थापित हेल्थ वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सब-सेंटर को लेकर चल रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की भी गहन समीक्षा की गई।



**हिसार।** जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की गवर्निंग काउंसिल बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। *फोटो : हरिभूमि*

### पीसीपीएनडीटी की समीक्षा की

*बैठक के दौरान पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की भी समीक्षा बैठक की गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और लिंगानुपात में सुधार के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ सपना गहलावत, जिला आयुष अधिकारी धर्मपाल, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ तरुण एवं सुभाष खतरेजा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।*

### नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश

नशा पीड़ितों का नियमित और प्रभावी फॉलोअप सुनिश्चित करने तथा नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। ड्रग कंट्रोलर को मेडिकल स्टोर्स पर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए।

## शिविर में सुनीं समस्याएं

# एससी चौपाल की राशि के गबन डीडीपीओ को जांच के निर्देश



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायत सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल। *फोटो : हरिभूमि*

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने नागरिकों की समस्याओं का सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके निदान की दिशा में जरूरी कदम उठाने की हिदायत दी। समाधान शिविर में गांव सीसवाल निवासी एक प्रार्थी द्वारा एससी चौपाल की राशि के गबन तथा गांव बाडो पट्टी के वंचित परिवारों/घरों को स्वामित्व का लाभ न देने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। हिसार वार्ड नंबर 10 निवासी एक प्रार्थी द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की हिदायत दी। शिविर में गांव मात्रश्याम से जाखोद खेड़ा-न्योली खुर्द मार्ग की मरम्मत करवाने की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौका मुआयना कर आगामी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। एक अन्य प्रार्थी द्वारा आगामी दिनों में हिसार मंडी में रबी फसल की बिक्री के मद्देनजर जाम की स्थिति न पैदा हो इसके लिए दुकानदारों द्वारा रास्ते में शेड बनाकर किए गए कब्जे हटवाने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस मामले पर संज्ञान लेते हुए विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर निवासी एक अन्य प्रार्थी ने गली में सीवर जाम होने से हुए जलभराव संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को मौका मुआयना कर समस्या को दूर करने को लेकर जरूरी कदम उठाने को कहा। इस अवसर पर नारनौंद एसडीएम विकास यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- दुकानदारों द्वारा रास्ते में शेड बनाकर किए गए कब्जे हटवाने की शिकायत

## बैंक कर्मी बन 1.32 लाख की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड मामले में संलिप्त एक आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बिहार निवासी राकेश के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 25 हजार रुपये बरामद किए हैं। कोथकलां निवासी प्रदीप कुमार ने साइबर थाना में दी गई शिकायत में बताया था कि बैंक से लोन लिया हुआ था और लोन के एवज में बैंक में उसकी साप्ताहिक किश्त कटती थी। प्रदीप ने बताया कि 23 मार्च 2025 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताते हुए साप्ताहिक किश्त को मासिक किश्त में बदलने का झांसा दिया, फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मासिक किस्त बनाने से ब्याज कम होने की बात कही गई। इसके बाद उसने व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर मुझ से एटीएम पिन नंबर पूछा गया। कम ब्याज व मासिक किस्त के झांसे में आकर मैंने उसको अपना एटीएम पिन नंबर बता दिया। और एटीएम पिन नंबर बताते ही उसके बैंक खाते से 1,32,500 रुपये की राशि कट गई। जिसके बाद में उसे ज्ञात हुआ कि कॉल बैंक से नहीं थी, बल्कि उसके साथ साइबर ठगी हो गई है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत मामला कर दौराने तफ्तीश आरोपी राकेश को बिहार से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से ठगी की गई राशि में से 25,000 रुपये बरामद कर पुलिस कब्जे में लिए गए हैं।



**हांसी।** बैंक कर्मी बन धोखाधड़ी करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

## रास चुनाव से पहले कांग्रेस में घमासान

- ओबीसी समाज को टिकट नहीं देने से नाराज प्रदेश ओबीसी के कार्यकारी अध्यक्ष तेलूराम जांगड़ा ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

प्रदेश में राज्यसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ गई है। कांग्रेस हाईकमान ने एससी चेहरे कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर हरियाणा कांग्रेस में नाराजगी देखी जा रही है। और कांग्रेस ओबीसी मोर्चे ने बौद्ध को प्रत्याशी बनाए जाने पर ओबीसी वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाकर नाराजगी जताते हुए ओबीसी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तेलूराम जांगड़ा ने इसी मुद्दे पर अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र भेजा है। तेलूराम जांगड़ा ने बताया कि वे राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची में ओबीसी वर्ग को प्राथमिकता नहीं दिए जाने से वे बेहद आहत हैं। इसी विरोध में उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दिया है।



**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते तेलूराम जांगड़ा

### जांगड़ा का दावा, कई नेता छोड़ेंगे पार्टी

हरियाणा कांग्रेस में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के करीबी माने जाने वाले तेलूराम जांगड़ा ने दावा किया कि यह असंतोष केवल उनका नहीं है, बल्कि हरियाणा के कई अन्य ओबीसी नेता भी इस फैसले से नाखुश हैं और पार्टी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब एक विशेष वर्ग की पार्टी बनकर रह गई है, जबकि ओबीसी समाज को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान भी ओबीसी वर्ग की उपेक्षा की गई, जिससे उन्हें गहरी निराशा हुई थी। जांगड़ा के अनुसार, हरियाणा में ओबीसी और विश्वकर्मा समाज की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है। इसके बावजूद, पार्टी संगठन में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, यहां तक कि जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों में भी ओबीसी वर्ग को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया।

## चोरी का तेल खरीदने वाला काबू, चार हजार नकद जब्त

**नारनौंद।** बास थाना क्षेत्र में टैंकर से 11 हजार लीटर इंडस्ट्रियल तेल चोरी के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खरबला निवासी जोशिल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चार हजार रुपये भी बरामद किए हैं। सीआईए स्टाफ नारनौंद ने यह कार्रवाई की। जोशिल कुमार चोरी किए गए तेल की खरीद-फरोख्त में शामिल था। इस मामले की शुरुआत 10 सितंबर 2025 को हुई थी। सांपला स्थित जेवीजी ऑयल एंड केमिकल कंपनी के प्रबंधक नितिन निवासी रोहिणी, दिल्ली ने बास थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी कंपनी का एक टैंकर 8 सितंबर की रात सांपला से 12 हजार 547 लीटर इंडस्ट्रियल तेल लेकर मोगा (पंजाब) के लिए रवाना हुआ था। टैंकर ड्राइवर रामकुमार निवासी बादली था। शिकायत के अनुसार, टैंकर में लगे जीपीएस ट्रैकर की आखिरी लोकेशन रात करीब 11 बजकर 58 मिनट पर गांव रोशनखेड़ा में मिली थी, जिसके बाद जीपीएस ट्रैकर निकाल दिया गया। अगले दिन ड्राइवर ने कंपनी प्रबंधन को सूचित किया कि गाड़ी जींद के पटियाला चौक पर खड़ी है। जांच में सामने आया कि रोशनखेड़ा निवासी संदीप, जो पहले कंपनी में ड्राइवर रह चुका है, ने ड्राइवर को पैसों का लालच देकर गांव में बुलाया था। संदीप ने टैंकर से तेल उतरवा लिया और उसे 2-3 अलग-अलग जगहों पर खाली करवाया। इनमें से एक स्थान पर रोहित पुनिया निवासी रोशनखेड़ा का नाम भी सामने आया था। जब कंपनी प्रबंधन मौके पर पहुंचा, तो टैंकर में केवल करीब 1200 लीटर तेल बचा था, जबकि 11 हजार लीटर से अधिक तेल चोरी हो चुका था। इस मामले की जांच के दौरान पहले भी कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामदगी की जा चुकी है।



### दिनदहाड़े युवक से सोने की चेन और डायमंड लूटा

**हिसार।** सेक्टर 33 में हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले व्यक्ति पवन कुमार से दिनदहाड़े लूट की वारदात हो गई। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पवन कुमार होली पर दोपहर करीब डेढ़ बजे घोड़ा फार्म रोड से ऋषिनगर की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वह सेक्टर 33 में चौथे रोड की तरफ पहुंचे तो वह कुछ काम के लिए रूक गए। इसी दौरान वहां झाड़ियों में से एक युवक आया और कहने लगा कि मुझे घुमाकर ले आओ। इस पर शिकायतकर्ता पवन कुमार ने कहा कि मैं आपको जानता नहीं हूं ऐसे कैसे घुमा लाऊं। इस बात पर युवक मारपीट करने लगा और उसने पवन के गले से करीब सवा तोले सोने की चेन और लाखों रुपये का डायमंड का लोकेट लूट लिया। इसी दौरान एक और युवक वहां आ गया। पवन कुमार ने बताया कि दोनों युवकों को देखकर वह भाग खड़ा हुआ। इस दौरान वह दौड़कर पीछा करने लगे और मेरे से दोबारा मारपीट की। वह किसी तरह उनके चुंगल से छुटा और अपने दोस्त को फोन कर बुलाया। इसी दौरान युवकों ने पत्थर से स्कूटी पर हमला शुरू कर दिया और उसे पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पवन कुमार ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पुलिस को सारे मामले से अवगत करवाया और नागरिक अस्पताल जाकर उपचार करवाया। उसकी पसलियों पर चोट लगी है और डॉक्टरों ने उसको एक्सरे करने की सलाह दी है।



**हिसार।** आरोपियों द्वारा तोड़ी गई स्कूटी

### आईटीआई जाने के लिए निकली युवती लापता

**हांसी।** जिले के बास थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने पड़ोस के एक युवक पर युवती को छिपाकर रखने का आरोप लगाया है। युवती के भाई ने शिकायत दी की उसकी 19 वर्षीय बहन 25 फरवरी को सुबह महिला आईटीआई जाने की बात कहकर घर से निकली थी।

## विवाद में महिला सहित चार घायल

**हांसी।** क्षेत्र के गांव ढाणी ठाकरियां में विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत में झड़प हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंटों से हमला किया, जिसमें महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत बुधवार को हुई थी। गांव निवासी 60 वर्षीय लक्खी राम गांव की एक दुकान पर सामान लेने गए थे, जहां कुछ लोग ताश खेलते हुए बहस कर रहे थे। जब लक्खी राम ने उन्हें रोका तो दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस दौरान करीब 38 वर्षीय मोहन घायल हो गए और उन्हें हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस विवाद को सुलझाने के लिए गुरुवार को गांव की यादव धर्मशाला में एक पंचायत बुलाई गई थी। आरोप है कि पंचायत के दौरान ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंटों से हमला कर दिया। इस हमले में दो सगे भाई सोनू और राजेश के साथ भतेरी भी घायल हो गईं। इन तीनों को भी उपचार के लिए हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तीन नए ऑपरेशन सर्कल जिला मुख्यालय हांसी, नूंह, चरखी दादरी में प्रस्तावित

# डीएचबीवीएन में बनेंगे 3 सर्कल, 24 डिवीजन व 78 सब-डिवीजन

- उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या और कार्यभार के मद्देनज़र पुनर्गठन होगा : एमडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से नए सर्कल और डिवीजनों और सब डिवीजनों के गठन की प्रक्रिया जारी है।

कई नए ऑपरेशन सर्कल, डिवीजन और सब डिवीजन प्रस्तावित हैं, जिनमें से कुछ का गठन हो चुका है, जबकि अधिकांश अभी गठन की स्थिति में होने हैं। डीएचबीवीएन ने फील्ड कार्यालयों के पुनर्गठन के अंतर्गत तीन नए 'ऑपरेशन' सर्कल, 24 डिवीजन व 78 सब-डिवीजन स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह की स्वीकृति के बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार यह निर्णय संशोधित स्टाफिंग नॉर्म्स, बढ़ते उपभोक्ता भार तथा कार्यक्षेत्र के विस्तार को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। गुरुग्राम सर्कल एक में सिटी 2 और पटौदी, गुरुग्राम सर्कल 2 में साउथ सिटी और बादशाहपुर, हिसार में बरवाला और कैंट, फतेहाबाद में भूना और रतिया, सिरसा में ओढां और रानियां, भिवानी में तोशाम और बाढड़ा, जींद में सब अर्बन जींद और सब अर्बन नरवाना, फरीदाबाद में एनआईटी 2, ओल्ड 2, ग्रेटर 2 और डिवीजन नंबर 2 बल्लभगढ़, पलवल में सब अर्बन पलवल, हथीन और पुन्हाना, रेवाड़ी में सब अर्बन रेवाड़ी, नारनौल में डिवीजन नंबर 2 और अटेली डिवीजन बनाए जाने हैं। नए ऑपरेशन डिवीजन में से 4 बाढड़ा (भिवानी सर्कल), पटौदी (गुरुग्राम सर्कल-1), बादशाहपुर (गुरुग्राम सर्कल-2) और सब-अर्बन, रेवाड़ी डिवीजनों का गठन किया जा चुका है। प्रस्तावित नए 78 ऑपरेशन सब-डिवीजन में से 34 का भी गठन किया जा चुका है।

### उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ : एमडी विक्रम सिंह



*एमडी ने बताया कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर नए डिवीजन एवं सब-डिवीजन प्रस्तावित किए गए हैं, ताकि बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी तथा उपभोक्ता-अनुकूल बनाया जा सके। डीएचबीवीएन के सभी जिलों फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, जींद, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरुग्राम, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह पुनर्गठन किया गया। तीन नए ऑपरेशन सर्कल जिला मुख्यालय हांसी, नूंह, चरखी दादरी में प्रस्तावित हैं। 24 नए ऑपरेशन डिवीजन और 78 सब-डिवीजन विभिन्न जिलों में प्रस्तावित हैं।*

### उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

*इस पुनर्गठन से शिकायत निवारण, बिलिंग, रखरखाव (मेंटेनेंस) तथा नए कनेक्शन से संबंधित सेवाओं में उल्लेखनीय तेजी आएगी। साथ ही लाइन लॉस में कमी लाने और वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायता मिलेगी। नए गठन से स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी। चरणबद्ध तरीके से शेष सर्कल, डिवीजनों एवं सब-डिवीजनों के गठन की भी कार्रवाई की जाएगी।*

### निगम टीम ने मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। सह नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार को अभियान की शुरूआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैण्ड के आस-पास क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट, ऑटो मार्केट फेस-3 से अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद टीम ने पुरानी सब्जी मण्डी, बडवाली ढ़ाणी से अतिक्रमण हटाया गया। कैम्प चौक से पुरानी सब्जी मण्डी ओवरब्रिज रोड से अतिक्रमण हटाने के साथ रोड पर रखे सामान को जब्त भी किया गया। इसके बाद टीम ने एमसी डीसी कॉलोनी, निरंकारी भवन रोड़, जिन्दल चौक से आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाया।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्त्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्त्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्त्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



## 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।





एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

## सॉरी दादा जी!



एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो


बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### एनआईआरसी ने मनाया होली महोत्सव

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिसार के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित इस महोत्सव में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल, वाइस चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज, सचिव सीए राजेश सिहाग, कोषाध्यक्ष सीए सुनील गोदारा व एनआईसीएएसए चेयरमैन सीए प्रतीक आर्य सहित तमाम पदाधिकारी व काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में पूरे उत्साह से मनाया फाग महोत्सव

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में फाग महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। सभी बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस अवसर पर बुजुर्गों ने होली व देवी-देवताओं के भजन गाकर समां बांध दिया। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम में विशेष रूप से सात्विक गुजिया व पकौड़े बनाए गए। बुजुर्ग गुजिया व पकौड़ों का आनंद उठाते हुए गीत-संगीत की सुर लहरियों पर थूब थिरके। दरअसल कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में रंगों से सराबोर बुजुर्गों का अलग ही नजारा दिखाई दिया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने सभी बुजुर्गों को फाग महोत्सव की बधाई दी।

### सर्व व्यापार मंडल ने मनाई होली

**उकलाना।** सर्व व्यापार मंडल द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में अग्रसेन पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल ने मंडीवासियों के साथ होली अंताक्षरी और रंगों के साथ होली का आनंद लिया। श्रीनिवास गोयल ने कहा कि होली का पर्व हमें भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है, इसलिए सभी को मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। इस मौके पर पैक्स के अध्यक्ष जगदीश, जगदीश गोयल, रोशन मित्तल, राममिलन शर्मा, वासुदेव शर्मा, नीरज बंसल, रामकुमार गोयल, सत्य भूषण बिंदल आदि मौजूद रहे।

### जिले में 16 हजार 273 की हुई मलेरिया जांच

**हिसार।** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि फरवरी माह के दौरान जिले में 16 हजार 273 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का कोई केस सामने नही आया हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी जमा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

### दिव्यांग केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 6 को

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 6 मार्च को सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि होली के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 30 बुजुर्गों की आंखों का ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### खाड़ी में तेजी से बिगड़ते हालात पर चिंता जताई

**हिसार।** नलवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट बजरंग इंदल एवं सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट कार्तिक संदल ने खाड़ी और पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जब भारत में रंगों का पावन पर्व होली आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दे रहा है उसी समय विश्व के कई हिस्सों में युद्ध, बमबारी और अस्थिरता का माहौल चिंताजनक है। ऐसे समय में भारत केवल उत्सव तक सीमित न रहे बल्कि वैश्विक शांति के पक्ष में सशक्त आवाज भी बने।

फाग उत्सव में 20 वर्ष के युवाओं से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा

# मात्रश्याम में धूमधाम से मनाई गई 'कोरड़ा होली'

## उत्सव में भाग लेने वाली महिलाओं को दी टोकनी और उनके देवरों को दिए जग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव मात्रश्याम में होली के अवसर पर अनोखी परंपरा 'कोरड़ा होली' बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। यह परंपरा अब केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि गांव की पहचान बन चुकी है। सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और ग्रामीण संस्कृति की झलक इस आयोजन में साफ दिखाई देती है।

बुधवार को आयोजित इस फाग उत्सव में 20 वर्ष के युवाओं से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। गांव के मुख्य चौक में डीजे पर होली और फाग के पारंपरिक गीत गूंजते ही पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। गांव की महिलाएं हाथों में रस्सी या कपड़े से बने कोरड़े लेकर पहुंचीं, जबकि दूसरी ओर युवक, बुजुर्ग रंग और पानी से भरे बड़े कड़ाहों के साथ तैयार रहे। परंपरा के अनुसार एक-एक कर महिलाएं सामने आती हैं और उधर से देवर अपनी भाभी पर रंग व पानी डालने की कोशिश करता है। इसी दौरान भाभी अपने देवर को कोरड़े से हल्के-फुल्के अंदाज में मारती है। किलकारियों, तालियों और फाग गीतों के बीच यह मनोरंजक दृश्य देखने लायक होता है। इस आयोजन का नेतृत्व गांव की सरपंच संतोष नैन ने किया। कार्यक्रम की देखरेख अनूप पटवारी ने की, जबकि प्रबंधन की जिम्मेदारी शमशेर और मनोज श्योराण ने संभाली। आयोजन के इवेंट मैनेजमेंट में वजीर नैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. घनश्याम माहिया की मनभावन एंकरिंग ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। फाग खेलने वाली महिलाओं को सम्मान स्वरूप टोकनी भेंट की गई और लगभग 70 से अधिक महिलाओं को टोकनी वितरित की गई। वहीं इस बार भाभियों के साथ फाग खेलने पहुंचे देवरों के लिए भी 70 से अधिक पानी के जग वितरित किए गए।



**हिसार।** गांव मात्रश्याम की सरपंच संतोष नैन अपने देवर के साथ होली खेलते हुए।



**हिसार।** रावलवासिया सेवा सदन में होली पर्व मनाते शाखा परिवार के सदस्य।

## भाविप विवेकानंद शाखा का होली महोत्सव आयोजित

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से रावलवासिया सेवा सदन में 'होली महोत्व एवं परिवार मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव में परिषद के सदस्यों ने पारंपरिक रूप से एवं हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे जबकि राकेश बंसल, डॉ. अनिमेश अग्रवाल एवं डॉ. मनोज सोनी अति विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा अध्यक्ष अमर गोयल एवं हेमंत बंसल (कार्यक्रम संयोजक) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण फूलों की होली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, परिषद परिवार के सदस्यों के बीच स्नेह और सौहार्द का मिलन, विशिष्ट अतिथियों का सम्मान समारोह रहे।



**उकलाना।** कुंदनपुरा गांव में होली के अवसर पर सफाई में जुटे युवा।

## कुंदनपुरा के युवाओं की होली पर अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

- गांव के प्रवेश द्वार से कचरा हटाकर की सफाई
- ग्रामीणों व ग्राम पंचायत सहित हर कोई कर रहा सराहना

क्षेत्र के गांव कुंदनपुरा में युवाओं की ओर से होली के अवसर पर एक प्रेरणादायक और अनोखी पहल की गई है। आमतौर पर होली का त्योहार रंगों और उत्सव के साथ मनाया जाता है, वहीं गांव के कुछ जागरूक युवाओं ने इस बार होली को समाज सेवा के रूप में मनाने का निर्णय लिया और गांव को चमका डाला। समाजसेवी संजय टाक के नेतृत्व में युवाओं की एक टीम ने गांव की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सफाई अभियान चलाया और गांव के प्रवेश द्वार पर लंबे समय से लगे कूड़े के ढेरों को हटाकर एक मिसाल पेश की। ग्रामीणों के अनुसार गांव कुंदनपुरा के मुख्य एंट्री प्वाइंट पर काफी समय से कूड़ा जमा था, जिससे न केवल गांव की छवि खराब हो रही थी बल्कि आसपास गंदगी और दुर्गंध की समस्या भी बनी हुई थी। इसी समस्या को देखते हुए समाजसेवी संजय टाक ने युवाओं को साथ लेकर सफाई अभियान की शुरुआत की। युवाओं ने ट्रैक्टर, कस्सी और फावड़ों की मदद से पूरे क्षेत्र की सफाई कर दी। इस अभियान में समाजसेवी संजय टाक के साथ राजेश, राहुल, अमित, जितेन्द्र, रामफल, मोनी, केरूराम, सुनील वर्मा और प्रेम टाक सहित कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत कुंदनपुरा ने युवाओं के इस सराहनीय कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की। होली के मौके पर युवाओं द्वारा किया गया यह सफाई अभियान आसपास के गांवों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अभियान के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश मिल रहा है।

## नवनिर्वाचित द ग्रीन मर्चेंट एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली रंगोत्सव



**हिसार।** होली मनाते एसोसिएशन पदाधिकारी।

- शिव मंदिर प्रांगण में गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**हिसार।** नई अनाज मंडी स्थित श्री सत्य नारायण शिव मंदिर के प्रांगण में द ग्रीन मर्चेंट एसोसिएशन ने धूमधाम से रंगोत्सव मनाया। नवनिर्वाचित प्रधान मांगेराम रावलवासिया की अध्यक्षता में लोंगो ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मार्किट कमेटी के चेयरमैन रविंद्र रॉकी, पंकज रावलवासिया, जिला मंडी प्रधान पवन गर्ग असरांवा, सजग प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, शिव कुमार गोयल, प्रयांक तायल, बजरंग असरांवा, श्रवन, संजय सिंघल, राज मनीष, मोहनलाल बालकिया, त्रिलोक पाबड़ा, कृष्णा लितानी, मनीराम गोयल, वेद प्रकाश मुकलान वाले,अनुप गोयल, संदीप बिंदल, मदन गोयल, कृष्ण गर्ग, वेद प्रकाश बरवाला वाले, रघुनाथ मोठ वाले, जय सिंह मिर्जापुर, संजय नागपाल, गोविंद सहित अनाज मंडी में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**हिसार।** प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ छात्रा रुपांशी।

### होली चाइल्ड की रुपांशी ने जीता गोल्ड

**हिसार।** हाल ही में आयोजित स्पेल बी इंटरनेशनल ओलंपियाड प्रतियोगिता में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की छात्रा रुपांशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गोल्ड मेडल एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की अंग्रेजी भाषा पर पकड़, शुद्ध वर्तनी, उच्चारण कौशल तथा शब्द भंडार को परखा गया जिसमें रूपांशी ने स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने विजेता छात्रा रुपांशी को विशेष बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

## ब्रह्माकुमारीज ने 'पीस पैलेस' में मनाया होली का उत्सव

- फूलों की होली खेलते हुए शिव की स्मृति में अध्यात्मिक रास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ब्रह्माकुमारीज की ओर से बालसमंद रोड स्थित पीस पैलेस में होली उत्सव का भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारी परिवार के भाई-बहनों ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण में होली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज हिसार की संचालिका बीके रमेश कुमारी ने होली के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि होली का त्योहार हमें अपने जीवन और अपने विचारों को 'होली' अर्थात पवित्र बनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ब्रह्माकुमारीज भाई-बहनों ने फूलों द्वारा होली खेलते हुए परमात्मा शिव की स्मृति में आध्यात्मिक रास किया। इस अवसर पर बीके रमेश कुमारी दीदी, बीके अनीता, बीके ज्योति, बीके मंजू, बीके पवन, बीके महेश, बीके प्रमोद, डॉ. बीबी बांगा, अजीत कुंडू व सीए राजू गांधी सहित 500 से अधिक ब्रह्माकुमारी परिवार के भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया।



**हिसार।** पीस पैलेस में होली का उत्सव मनाते ब्रह्माकुमारीज भाई-बहन।



### ....होलिया में उड़े रे गुलाल श्याम तेरे मंदिर में

**हिसार।** श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में बुधवार को होली महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। होलिया में उड़े रे गुलाल, श्याम तेरे मंदिर में, रंग ले के खेलते गुलाल ले के खेलते, राधा संग होली नंदलाल खेलते आदि भजनों के बीच श्याम भक्तों ने बाबा के दरबार में रंग एवं गुलाल अर्पित कर आनंदोत्सव मनाया। आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण मे श्रद्धालु भक्तों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरा वातावरण भक्तिमय संगीत एवं जय श्री श्याम के उद्घोष से गूंज उठा। मंदिर समिति ने भक्तों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि बाबा श्याम सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि के रंग भरें। इस अवसर पर दिनेश बिंदल, त्रिलोक बंसल, सुभाष बंसल, ओम प्रकाश गोयल,आशीष जैन, अजय जैन, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद थे।



### होली का त्योहार देश की धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर : प्रो. नरसी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई तथा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई ने इस समारोह का आयोजन किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने रंग-गुलाल तथा फूलों की होली खेली। प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि होली का त्यौहार भारत की महान धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। होली सकारात्मक ऊर्जा का त्यौहार है। यह त्यौहार हमें आपसी मतभेद तथा विरोध भुलाकर मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। इस अवसर पर विवि परिवार के सभी सदस्यों ने होली के त्यौहार को अत्यंत हर्ष और उल्लास से मनाया।



### भाविप ने होली पर किया मिलन समारोह का आयोजन

**हांसी।** भारत विकास परिषद ने हिसार चुंगी के समीप स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में परिषद के सभी सदस्यों ने परिवार सहित शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा की महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश गर्ग क्षेत्रीय संयोजक भारत विकास परिषद ने की और मंच का संचालक रेणुका खुराना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा होली पर्व से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम की उत्तम प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर हरीश गावड़ी, जगदीश धमीजा , प्रमोद ठकराल, प्रमोद धमीजा, राम अवतार सिंह, डॉक्टर वीरेंद्र आहुजा, भरत सिंह, नरेंद्र वर्मा, डॉ रणजीत सैनी, संजय सिधर, रमेश अरोड़ा, प्रमोद धमीजा, डॉ राकेश भारद्वाज ,सतबीर कौशिक मौजूद रहे।



### गणेश मंडल व शिवपुरी धाम में धूमधाम से मनाया होली महोत्सव

**बरवाला।** श्री गणेश मंडल और प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नं.17 मोती लुहार वाली गली में श्री श्याम होली महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में भजन कलाकारों हिसार से आई श्याम लाडली पावनी खुराना और बरवाला से सोनू बंसल ने अपने-अपने मधुर कंठ से श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया। इन भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर महोत्सव का आनंद लिया। भजन कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश सिंगला, राजकुमार गोयल, पवन शर्मा, रेखा शर्मा, साधु राम गर्ग, भूपेंद्र सोनी, अमित रहेजा, संजय सिंगला, प्रेम हंदुजा, भीम मित्तल, रेनू सिंगला, रिंकू गोयल, राधेश्याम मितल, पार्षद मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।



**हांसी।** एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थों को नष्ट करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### एनडीपीएस मामलों में जब्त मादक पदार्थों को पुलिस ने किया नष्ट

**हांसी।** एनडीपीएस अधिनियम के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों (नारकोटिक ड्रग्स) का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव के निर्देश पर गुरुवार को हिसार के सेक्टर 27–28, स्थित निर्धारित स्थल पर विधि अनुसार नष्ट (डिस्ट्रॉय) किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान हांसी जिला सहित पुलिस रेंज के सभी जिलों में एनडीपीएस मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को निर्धारित नियमों एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। यह कार्रवाई पूरी तरह से निर्धारित प्रक्रिया व सुरक्षा मानकों के अनुसार की गई, ताकि जब्त किए गए नशीले पदार्थों के किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की संभावना को समाप्त किया जा सके।

**होली** | कुलदीप बिश्नोई ने परिवार सहित आदमपुर में मनाया होली पर्व

50 से अधिक वर्षों से बिश्नोई परिवार दुकान नं.107 पर कार्यकर्ताओं के साथ मना रहा है होली

# संघर्ष, स्वाभिमान व जनता के अधिकारों की लड़ाई से बनी राजनीति : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने परिवार सहित आदमपुर दुकान नं. 107 आवास के सामने आदमपुरवासियों के साथ होली पर्व मनाया। कुलदीप बिश्नोई ने लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले 50 से भी अधिक वर्षों से एक परंपरा रही है कि होली के पावन अवसर पर वे और उनका परिवार अपने आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में आप सबके बीच आते हैं। इस बार भी उसी परंपरा को निभाते हुए आदमपुर पहुंचे। हर बार की तरह इस बार भी जो अपार प्रेम, स्नेह और अपनापन लोगों ने उनको दिया, उसने भावुक कर दिया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि लोगों का यह स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि उनकी राजनीति संघर्ष, स्वाभिमान और जनता के अधिकारों की लड़ाई से बनी है और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और स्वर्गीय चौ. भजन लाल जी के अधूरे सपनों को हर हाल में पूरे करेंगे।



**आदमपुर।** होली पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं देते कुलदीप बिश्नोई।

### शहीद भगत सिंह समिति ने शहीदों की प्रतिमाओं को गुलाल लगा खेली होली

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के सदस्यों ने बुधवार को होली के रंग शहीदों के संग श्रद्धाभाव व हर्ष के साथ शहीद भगत सिंह व मदनलाल ढींगरा पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं को गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सभी समिति सदस्यों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मास्टर राम अवतार सिंह ने कहा कि यह होली व फाग का पर्व जो आज हिन्दुस्तान के लोग खुशियों से मना रहे है यह शहीदों की बलिदानों की देन है अन्यथा हम आज भी अंग्रेजों की गुलामी के साये में अपना जीवन जी रहे होते। इस अवसर पर हमेश खुराना, कर्मवीर पुट्टी, मुन्ना डाक्टर, किशोरी नागपाल, अजय भारद्वाज, का. रामअवतार, तुलसी प्रधान, सन्नी नायक, राजकुमार जांगड़ा, विजय पाल शास्त्री, सोनू खट्टर, नागपाल, राहुल, सुरेन्द्र वधवा, हन्नी, सोनू, कमल राजपूत व सूबे मलिक आदि उपस्थित थे।

## हरसमय पोर्टल पर घर बैठे प्राप्त करें 33 प्रकार की ऑनलाइन सेवाएं : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि हरियाणा पुलिस के हरसमय पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन नागरिक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के जरिए नागरिक बिना किसी देरी के निर्धारित समयावधि में अपनी आवश्यक सेवाएं आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में हरसमय पोर्टल पर 33 प्रकार की विभिन्न नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें सूचना का अधिकार आवेदन, गुमशुदा संपत्ति की जानकारी, शिकायत दर्ज करवाना तथा विभिन्न प्रकार के सत्यापन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल हैं। नागरिक इन सेवाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समय की बचत के साथ-साथ कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नौकरों, घरेलू सहायकों तथा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अवश्य करवाएं।

**सूचना**

मैं, चन्द्रकला (आधार कार्ड नं. 9373 4318 0826) पत्नी स्व. श्री सतपाल निवासी मकान नं. 53, गोबिन्द नगर, डाबडा चौक, हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कपिल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रंग डालने को लेकर तकरार व आपसी कहासुनी के मामलों में 30 से अधिक लोग घायल

# फाग पर कई स्थानों पर झगड़ों में बहा खून

### नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में दिनभर इलाज के लिए घायलों की लगी रही लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

फाग पर बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर गुलाल के साथ जमकर खून भी बहा। मामूली बात को लेकर नौबत मारपीट तक पहुंच गई। फाग पर रंग डालने को लेकर तकरार, आपसी कहासुनी, गाली-गलौच, शराब पीकर हुड़दंग करने समेत कई मामलों में 30 से अधिक घायल हो गए। नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में दिनभर इलाज के लिए घायलों की लाइन लगी रही। उधर, एक मामले में सेक्टर 33 के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक युवक के साथ मारपीट पर लूटपाट का भी मामला सामने आया। वहीं एक ई-रिक्शा के सामने बेसहारा पशु आने से चालक जख्मी हो गया। उधर, सूचना मिलने पर अलग-अलग थाना क्षेत्र पुलिस ने बयान लेकर छानबीन शुरू कर दी है।




हिसार। सीसीटीवी में कैद हुए हमलावर चाकू मारते हुए तथा निजी अस्पताल में उपचाराधीन राजेश बंसल। फोटो : हरिभूमि

### गाली-गलौज करने से रोका तो चाकू मारकर किया घायल

शहर थाना क्षेत्र की बडवाली ढाणी में कुछ युवकों ने तैश में आकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करके उसे घायल कर दिया। घायल व्यक्ति ने गली में गाली-गलौज कर रहे कुछ युवकों को रोका था, जिस पर उन्होंने तैश में आकर यह वारदात कर डाली। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार बडवाली ढाणी निवासी राजेश बंसल अपने घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान गली में कुछ युवक जोर-जोर से गाली-गलौज कर रहे थे। राजेश बंसल ने उन्हें ऐसा करने से रोका और समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि इतना कहते ही चारों युवक भड़क गए और कहासुनी के बाद उनमें झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान आरोपियों ने राजेश बंसल पर चाकू से हमला कर दिया और लगातार वार किए। हमले में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इस दौरान राजेश को छुड़वाने के लिए उनकी पत्नी भी मौके पर पहुंचीं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद परिजन और आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अर्बन एस्टेट स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, घायल के शरीर पर चाकू के वार से करीब 10 से 12 टांके आए हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि आरोपियों ने बिना किसी बड़ी बात के अचानक हमला कर दिया और वारदात के बाद फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### रंग डालने से मना करने पर हमला

गांव धांसू में फाग के दिन घर में घुसकर भाभी पर रंग डालने से मना किया तो युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल सतपान ने बताया कि गांव के कुछ युवक उनके घर पर आए और मेरी भाभी पर रंग डालने लगे। जब मैंने ऐसा करने से मना किया तो वे झगड़े पर उतर आए और उन्होंने मौका पाकर तेजधार से उसपर हमला कर दिया। गांव भिवानी रोहिल्ला में एक घर के सामने फाग खेल रहे युवकों के ऊपर राख से भरा ताशला फैंकने के चक्कर में एक व्यक्ति खुद नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल सुनील को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर, नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन विपिन कुमार ने बताया कि फाग वाले दिन वह घर के बहार खेल रहा था। बाद में वह दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए जा रहा था तो बीच रास्ते में युवक और महिलाएं होली खेल रही थी। इस दौरान एक महिला कोरडा मारने लगी तो उसने इस पर ऐतराज उठाया। लेकिन वहां मौजूद युवक फाग खेलने के लिए दबाव बनाने लगे और झगड़ा बढ़ गया। इसी बीच एक युवन ने छुरी से उस पर हमला कर दिया।

### फाग के दिन चोरी की स्कूटी पर हुड़दंगबाजी करते दो काबू

हिसार। थाना आजाद नगर पुलिस ने इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी व हुड़दंग बाजी में दो आरोपितों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामगढ़ बस्ती निवासी रवि व गंगवा निवासी सुनील के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में साकेत कॉलोनी निवासी चन्द्रकला ने आजाद नगर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उन्होंने अपनी काले रंग की इलेक्ट्रिक स्कूटी अपने मकान के बाहर गली में खड़ी की हुई थी, जिसे उन्होंने वर्ष 2024 में खरीदा था। बुधवार शाम को लगभग 5:30 बजे जब बाहर आकर देखा तो स्कूटी वहां पर नहीं मिली। इसी दौरान पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि डाया गांव में शादी समारोह में दो युवक हुड़दंगबाजी कर रहे है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपी को काबू किया व उनसे पूछताछ में पता चला कि हुड़दंगबाजी में प्रयोग हुई स्कूटी चोरी की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## होली पर मासूम शर्मा का गाना बजाने पर विवाद, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



होली के त्योहार पर गांव भैणी अमीरपुर में दो पक्षों के बीच हरियाणवी कलाकार मासूम शर्मा का गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष के युवकों ने लाठी डंडों से प्रवीन की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी रमेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए थे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

गांव भैणी अमीरपुर निवासी प्रवीन ने बताया कि वह फाग के त्यौहार पर घर पर ही हरियाणवी गाने बजा रहा था। जब वह घर के बाहर खड़ा हुआ तो गांव के ही युवक सूरज ने कहा कि ये गाने मुझे देखकर बजा रहा हैं। इसको लेकर दोनों में बहस शुरू हो गई ओर दोनों के ज्यादा तनातनी बढ़ गई। सूरज अपने घर गया साथ में उसका भाई ओर परिवार के अन्य लोग भी उसके साथ आ गए। आते ही सूरज ने पिस्टल से फायर किया। गोली से बचने के लिए वह भागने लगा तो उसके भाई अमित ने उस पर चाकू से वार कर दिया और साथ में अन्य लोगों ने भी उसके साथ मार पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। घायल प्रवीण को इलाज के लिए नारनौंद के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसकी हिस्सा रेफर कर दिया।

**फायर की सूचना नहीं, एक घायल : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उस समय फायर होने की हमें कोई सूचना नहीं दी गई। आपस में झगड़ा था। जिसमें प्रवीन घायल हो गया था। उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस मामले में जो भी आरोपित होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



हिसार। ब्रह्म ज्ञान मंदिर में आयोजित हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

### संत उपरामानंद महाराज का अवतरण दिवस आज मनाया जाएगा

हिसार। परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, शांति नगर के तत्वाधान में ब्रह्मदर्शी संत उपरामानंद महाराज का अवतरण दिवस 6 मार्च को राधा नाम संकीर्तन द्वारा श्रीयोग उपराम आनंद धाम, बाई पास में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 26 फरवरी को ब्रह्म ज्ञान मंदिर में रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था। आज प्रातः हवन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली तथा संत उपरामानंद महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर संत रामानंद महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे। संत रामानंद ने बताया कि 6 मार्च को प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक रामायण का भोग डाला जाएगा। सायंकाल 4 बजे श्रीयोग उपराम आनंद धाम, बाई पास में होली के रंग प्यारे श्रीमहाराज के संग आयोजित किया जाएगा जिसमें भजन सम्राट भैय्या दिव्य दास भजनों की वर्षा करेंगे।

### आदमपुर में 25वां श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव आज

आदमपुर। क्लाथ मार्केट स्थित नवरात्रा महोत्सव मैदान में शुक्रवार को 25वां श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन श्रीश्याम मित्र मंडल एवं श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग व अमित गोयल ने बताया कि कार्यक्रम खाटू श्याम निज मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान के सान्निध्य में संपन्न होगा। महोत्सव में आयोजित होने वाले विशाल जागरण में कोलकाता से नितेश शर्मा, बरेली से अपर्णा मिश्रा, जयपुर से अभिषेक नामा तथा दिल्ली से मा. राघव सहित कई प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी दलबीर सिंह की 100वीं जयंती मनाई

हिसार। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी दलबीर सिंह की 100वीं जयंती डाबड़ा चौक स्थित उनके आवास पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक विद्वान जगत पाल शास्त्री ने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ-हवन का आयोजन किया जिसमें कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, शुभचिंतक एवं पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने चौधरी दलबीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जगन्नाथ, बृजलाल बहबलपुरिया, भूपेंद्र गंगवा, अश्वनी शर्मा, जगबीर मलिक, हरिकिशन प्रभुवाला, जगदीश बिश्नोई, बजरंग इंदल, राजेश भूटानी आदि मौजूद थे।

### उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

हांसी। जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने समिति के एजेंडा में शामिल प्रत्येक बिंदु की गहनता से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ आम नागरिकों को मिल सके। उन्होंने तहसील कल्याण अधिकारी गोल्डी प्रसाद को निर्देश दिए कि अत्याचार से पीड़ित मामलों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सहायता राशि को इसी सप्ताह संबंधित व्यक्ति को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

### फाग पर ई-रिक्शा पलटी, चालक घायल

हिसार। सेक्टर- दो से फाग के दिन ई-रिक्शा लेकर गांव ढंडूर जा रहे चालक के सामने अचानक बेसहारा पशु आ गया और ई-रिक्शा पलट गई। इससे चालक संदीप घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### इन्द्र चंद राठी 16वीं बार प्रधान बने

हिसार। श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर समिति, जवाहर नगर के सदस्यों की वार्षिक बैठक मंदिर प्रांगण में प्रधान इन्द्र चंद राठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष भगतचंद मेहता ने वार्षिक आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंदिर समिति द्वारा इस माह 29 मार्च से 2 अप्रैल तक हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने व मंदिर में सोलर सिस्टम लगवाने का फैसला लिया गया। अन्य अनेक विषयों पर विचार विमर्श करने के उपरांत मंदिर कार्यकारिणी का अगामी वर्ष के लिये चुनाव करवाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान में प्रधान इन्द्र चंद राठी के नेतृत्व में गठित पूरी कार्यकारिणी को ही अगले वर्ष के लिये चुन लिया। राठी लगातार 16वीं बार प्रधान बने हैं।

## पेंशन न मिलने से गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन, दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला



क्षेत्र में पिछले लगभग चार महीनों से बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं की पेंशन बंद होने से पेंशनधारक गुस्से में है। पेंशनधारकों ने अग्रसेन धर्मशाला में बैठक कर अपनी नाराजगी जाहिर की और सरकार से जल्द से जल्द रुकी हुई पेंशन जारी करने की मांग की। बैठक में आए लोगों ने कहा कि पिछले लगभग चार महीनों से उनकी पेंशन खातों में नहीं आई है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार दावा करती है कि किसी की भी पेंशन नहीं रोकी गई है, जबकि बरवाला क्षेत्र में अनेक बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं की पेंशन लंबे समय से रुकी हुई है। बैठक के दौरान पेंशनधारकों ने अपने हक के लिए संघर्ष करने का निर्णय लेते हुए एक पांच सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया। इस समिति में कृष्ण लाल को प्रधान बनाया गया।

### किसानों के खेतों से लाखों का सामान चोरी, केस दर्ज

नारनौंद। क्षेत्र के गांव थुराना में अज्ञात चोरों ने तीन किसानों के खेतों में बने कमरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थुराना गांव के कुलदीप, जोगिंद्र और राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई है। चोर अंदर घुसकर कीमती कृषि और बिजली उपकरण चुरा ले गए। कुलदीप के अनुसार उनके कोठे से दो इन्वर्टर बैटरियां, बर्तन, लोहे का सामान और लगभग 200 फुट तीन फेस बिजली की तार चोरी हुई है। चोरी के सामान की कीमत 50 हजार रुपए है। जोगिंद्र के कोठे से दो हॉर्स पावर की सिंगल फेस बिजली मोटर, दो वाल, एक टी, दो मोड़, सबमर्सिबल पाइप के तीन टुकड़े और लगभग 200 फुट तीन फेस तार चोरी हुई।

### सोरखी स्टेडियम में ट्रैक व लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए



हांसी। एसडीएम राजेश खोथ ने विकास एवं पंचायत तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव सोरखी के खेल स्टेडियम में ट्रैक और लाइटिंग की व्यवस्था करवाने तथा स्टेडियम में जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार करें, ताकि खिलाड़ियों व ग्रामीणों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टेडियम में करवाए जाने वाले कार्यों का विस्तृत एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर भेजा जाए, जिससे ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी जल्द ही गांव सोरखी का दौरा कर खेल स्टेडियम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। समाधान शिविर में एसडीएम ने प्रत्येक शिकायत और समस्या को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## महिला शिक्षिका से छेड़छाड़, पति के पहुंचने पर शिक्षक भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सरकारी स्कूल में महिला शिक्षिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ही स्कूल में तैनात जेबीटी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। पीड़ित शिक्षिका ने बताया कि वह हिसार स्थित एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में कार्यरत हैं। गत 18 फरवरी को छुट्टी के बाद वह अपना पर्स लेने स्कूल के कार्यालय के पास स्थित कमरे में गई थी। इसी दौरान स्कूल में तैनात शिक्षक वहां पहुंच गया और उसने जबरदस्ती उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे पकड़कर जबरन किस करने की कोशिश की। वह जोर-जोर से शोर मचाने लगी। उसी समय उसके पति विजय, जो रोज की तरह उसे लेने स्कूल पहुंचे थे, पीछे के दरवाजे से अंदर आ गए। पति को आते देख आरोपी शिक्षक घबरा गया और मौके से भाग निकला।

### फौजी को दी पत्नी ने जान से मारने की धमकी

नारनौंद। क्षेत्र के गांव कोथ कलां में सेना के एक जवान पर उसकी पत्नी ने ईंट से हमला कर जान से मारने की धमकी दी है। नारनौंद थाना पुलिस ने जवान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोथ कलां निवासी फौजी जसबीर ने पुलिस चौकी मिर्चपुर में दी शिकायत में बताया कि वह पटियाला में फौज में कार्यरत है। आठ फरवरी की सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर से खाना खाकर चाचा के मकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी प्रिया ने उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। जब जसबीर ने इसका विरोध किया तो पत्नी ने कथित तौर पर कहा कि वह पहले भी उसकी पुलिस में रिपोर्ट दे चुकी है और अब उसे नहीं छोड़ेगी। जसबीर के अनुसार पत्नी प्रिया ने पास पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर पर वार करने का प्रयास किया। बचाव में उसने हाथ आगे किया, जिससे ईंट उसके हाथ पर लगी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। जसबीर ने आरोप लगाया है कि इस दौरान पत्नी ने उसके चेहरे पर नाखूनों से खरोंच भी मारी। उसने अपने भाइयों व अन्यों से जान से मरवाने की धमकी भी दी। घायल जसबीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारनौंद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागरिक अस्पताल हिसार रेफर कर दिया गया।

## संतोष की आंखें फैलाएंगी दो लोगों के जीवन में रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



निकटवर्ती गांव सातरोड़ खास की 87 वर्षीय संतोष शर्मा का फाग के दिन निधन हो गया। होली का अवकाश होने के बावजूद संतोष शर्मा के पौत्रों रोहित, राजेश और मोहित ने अपनी दादी की इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पार्थिव शरीर को नागरिक अस्पताल ले जाकर उनके दोनों नेत्र दान किए। चिकित्सकों ने संतोष शर्मा के दोनों नेत्रों को संरक्षित किया जिनके माध्यम से अब दो नेत्रहीनों के जीवन में रोशनी लाई जा सकेगी। दरअसल, संतोष शर्मा ने कई वर्ष पहले गांव में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में मरणोपरांत नेत्र दान की शपथ ली थी और अपने पुत्रों, अरुण, अरविन्द और अजय शर्मा के समक्ष यह इच्छा प्रकट की थी कि उनकी मृत्यु उपरांत उनकी दोनों आंखें दान कर दी जाएं। फाग के दिन, 4 मार्च को संतोष शर्मा का निधन हो गया। परिजन आपसी विमर्श के बाद संतोष देवी की इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पार्थिव शरीर को नागरिक अस्पताल ले गए और चिकित्सकों से मिलकर संतोष शर्मा की आंखें दान करने की बात कही। होली का अवकाश होने से अस्पताल में चिकित्सकों की कम संख्या के चलते इस प्रक्रिया में काफी समय तो लगा लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों से संतोष शर्मा की दोनों आंखें सुरक्षित रूप से संरक्षित कर ली गई।

## महिला ने लैबर अधिकारी पर जड़े गंभीर आरोप

- 12 घंटे की ड्यूटी का विरोध करने पर महिला को अकेले मिलने का बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले की एक टेक्सटाइल मिल में कार्यरत महिला कर्मचारी ने मिल के लैबर अधिकारी पर जबरन 12 घंटे ड्यूटी करवाने और विरोध करने पर अकेले में मिलने का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला ने इस संबंध में श्रम विभाग के अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता महिला कर्मचारी ने बताया कि वह वर्ष 2014 से मिल में मशीन ऑपरेटर (साइडर) के पद पर कार्यरत हैं और जनवरी माह से मिल के लैबर अधिकारी उन्हें बिना कारण परेशान कर रहा है। अधिकारी उनसे प्रतिदिन 12 घंटे ड्यूटी करने का दबाव बनाता हैं, जबकि उसको बीपी की समस्या है और वह इतनी लंबी ड्यूटी करने में असमर्थ हैं। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने 7 जनवरी को 12 घंटे ड्यूटी करने का विरोध किया तो उन्हें ड्यूटी से बाहर कर दिया गया। साथ ही कहा गया कि यदि वह केवल 8 घंटे ड्यूटी करना चाहती हैं और पूरी हाजिरी लगवाना चाहती हैं तो उन्हें बाहर अकेले में मिलना होगा। इस पर उन्होंने विरोध किया और उच्च अधिकारियों को शिकायत दी।

**मंथन** हकृवि में 'माइक्रोप्लास्टिक का इंसान और पौधों की हेल्थ पर असर' पर ब्रेन स्ट्रोरमिंग सत्र का आयोजन

# प्लास्टिक का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : प्रो. काम्बोज

- कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय में बॉटनी और प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की ओर से 'माइक्रोप्लास्टिक का इंसान और पौधों की हेल्थ पर असर' पर ब्रेन स्ट्रोरमिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा से प्रो. देवकी नंदन विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में बॉटनी, प्लांट फिजियोलॉजी, एनवायरनमेंटल साइंस, फिशरीज, एग्रीकल्चर और बायोटेक्नोलॉजी सहित अलग-अलग विषयों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्लास्टिक, इंसान की जिंदगी को आसान बनाने की बजाय हमारी सेहत के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है। माइक्रोप्लास्टिक दो शब्दों से मिलकर बना है माइक्रो-बेहद छोटा तथा प्लास्टिक यानि कृत्रिम पॉलीमर पदार्थ। पानी की बोतल, पैकेज्ड फूड और प्लास्टिक बैग में मौजूद सूक्ष्म कण, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है, धीरे-धीरे हमारे शरीर में जमा हो रहे हैं और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहे हैं। माइक्रोप्लास्टिक पौधों के विकास को भी काफी हद तक प्रभावित करते हैं जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य व फसल की पैदावार पर असर पड़ता है। इसलिए प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करे।

कार्यक्रम में आस्ट्रेलिया से एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन ऑफिसर राजेश जलोटा ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार रखे। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। डॉ. विनोद गोयल ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. प्रियदर्शन हरि और डॉ. राजेश जलोटा सहित कार्यक्रम में आए सभी का आभार व्यक्त किया।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

### संभावित असर बताया

डॉ. देवकी नंदन ने पौधों की जड़ों के साथ माइक्रोप्लास्टिक के इंटरैक्शन, पौधों के टिशू के अंदर उनके ट्रांसलोकेशन और फसल की प्रोडक्टिविटी और फूड चेन ट्रांसफर पर इसके संभावित असर के बारे में विस्तार से बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005